**वैज्ञानिक तथा औध्योगिक अनुसन्धान परिषद**
**अनुसन्धान भवन, 2, रफी मार्ग,नई दिल्ली-01**

संख्या: 6-9(266)/2014 ई-III                                                                 दिनांक: 09.02.2016

**परिपत्र**

**विषय: स्वच्छ भारत अभियान के तहत पाक्षिक स्वच्छता मुहिम का आयोजन**

मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय किया गया है कि सम्पूर्ण भारत में सभी मंत्रालय अपने मुख्यालयों और उनकी इकाइयों में पाक्षिक आधार पर स्वच्छता मुहिम चलाएंगे और इस संबंध में प्रतिवेदन मंत्रिमंडल को प्रस्तुत करेंगे । उपर्युक्त अनुपालन में सीएसआईआर मुख्यालय और इसकी इकाइयों(एचआरडीजी/कॉम्प्लेक्स/एचआरडीसी/रैब/उरडीप,पुणे/टीकेडीएल/एमबीएसए/सीएसआईआर साइन्स सेंटर ) मे दिनांक 09.02.2016 से दिनांक 23.02.2016 तक स्वच्छता मुहिम के तहत अग्रलिखित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा:-

1. प्रभागाध्यक्षों/ अनुभागाध्यक्षों की प्रत्यक्ष निगरानी में उनके अधीनस्थ अनुभागों में गहन और व्यापक सफाई
2. कार्यालय परिसर के कक्षों/हाल, शौचालयों, गलियारों और सीढ़ियों की सफाई
3. दस्तावेजों की छटनी करके उनका नियमानुसार निस्तारण
4. एयर कंडिशनर्स, कूलर्स और पंखों तथा इलेक्ट्रोनिक उपकरणों की सफाई
5. सीएसआईआर के दिनांक 30.09.2015 के पत्र संख्या 5-1(35)/08-पीडी के अनुसार सीएसआईआर कैंटीन की सफाई और रख-रखाव संबंधी गतिविधियां
6. व्यर्थ और अनुपयोगी वाहनों/ फर्नीचर्स एवं ऐसे ही अन्य सामानों का निपटान
7. कार्यालय के बाह्य परिसर की सफाई तथा वृक्षारोपण

अतः सीएसआईआर मुख्यालय एवं इसकी इकाइयों के सभी प्रभागाध्यक्षों/अनुभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि वें अपने प्रभागों/अनुभागों में सामान्यतया कार्यालय/कार्य-स्थल की समग्र स्वच्छता और विशेषकर ऊपर उल्लिखित गतिविधियों के संबंध में नियमतः आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें और की गयी कार्यवाही के संबंध में केन्द्रीय कार्यालय को एक प्रतिवेदन भेजें ।

हरिनारायण मीना
09.02.16
(हरि नारायण मीना)
अनुभाग अधिकारी

प्रति:

1. उपाध्यक्ष, सीएसआईआर का कार्यालय
2. महानिदेशक, सीएसआईआर का कार्यालय
3. संयुक्त सचिव, सीएसआईआर का कार्यालय
4. वित्त सलाहकार,सीएसआईआर की निजी सहायक
5. मुख्य सतर्कता अधिकारी,सीएसआईआर का कार्यालय
6. सीएसआईआरमुख्यालय/एचआरडीजी/कॉम्प्लेक्स/एचआरडीसी/रैब/उरडीप,पुणे/टीकेडीएल/एमबीएसए /सीएसआईआर साइन्स सेंटर के सभी प्रभागाध्यक्ष/अनुभागाध्यक्ष : आवश्यक कार्यवाही हेतु
7. वरिष्ठ उप-सचिव (मानव-संसाधन) की निजी सचिव
8. वरिष्ठ भंडार एवं क्रय नियंत्रक
9. उप-सचिव (के.का.) के निजी सचिव
10. उप वित्त सलाहकार (बजट, अकाउंटस एवं रिपोर्ट्स) के निजी सचिव
11. उप-वित्त सलाहकार (आंतरिक लेखा परीक्षा, आईएफ़डी एवं लेखा-परीक्षा) की निजी सचिव
12. विधि सलाहकार, सीएसआईआर के निजी सचिव
13. अवर सचिव, सामान्य अनुभाग, मानव संसाधन अनुभाग (I, II एवं III), विधि अनुभाग तथा नीति प्रभाग
14. वित्त एवं लेखाधिकारी (रोकड़/लेखा-परीक्षा)
15. कैंटीन मैनेजर: बिन्दु 5 पर अंकित गतिविधि के विशेष संदर्भ में

    श्री डी.के. जिंदल, अधिशासी अभियंता : आधारिक सामग्री/सुविधाएं उपलब्ध करवाने हेतु देखें
16. विभागीय रिकॉर्ड अधिकारी
17. ✓ आईटी प्रभाग: इस परिपत्र को सीएसआईआर वैबसाइट पर प्रदर्शित करने के अनुरोध सहित
18. कार्यालय-प्रति

हरिनारायण मीना
09.02.16

(हरि नारायण मीना)

अनुभाग अधिकारी

17 का अवलोकन करें।